50 लाख से लगेंगे 26 सीसीटीवी कैमरे

▶ तकनीकी स्वीकृति के लिए भेजा प्रस्ताव

सोहागपुर. शहर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में नगर परिषद ने 50 लाख रुपये की लागत से 26 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव तकनीकी स्वीकृति के लिए संचालनालय भेजा है. प्रस्ताव को प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है. तकनीकी मंजूरी के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कर शहर के प्रमुख स्थानों पर कैमरे लगाए जाएंगे. इनसे यातायात, चोरी की घटनाओं और अन्य गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी.

नगर परिषद ने फिलहाल अपने कार्यालय परिसर में 16 कैमरे स्थापित कर दिए हैं. इनका उद्देश्य परिषद की चल-अचल संपत्ति,

कार्यालय में आने-जाने वालों, रात्रि में खड़े वाहनों तथा ईंधन चोरी जैसी घटनाओं पर निगरानी रखना है. सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि परिषद परिसर में जेसीबी, फायर ब्रिगेड, ट्रैक्टर और कचरा संग्रहण वाहनों की सुरक्षा के साथ कर्मचारियों की उपस्थिति पर भी कैमरों से नजर रखी जाएगी. प्रस्तावित परियोजना में तीन हाई-रेंज पीटीजेड कैमरे, 13 डोम/बुलेट कैमरे और 10 छोटे कैमरे शामिल हैं. साथ ही दो आधुनिक कंट्रोल रूम, माइक सिस्टम और पूरे नगर क्षेत्र में केबल नेटवर्क की व्यवस्था भी की जाएगी. जहां केबल बिछाना संभव नहीं होगा, वहां वायरलेस कैमरे लगाए जाएंगे. एक कंट्रोल रूम स्थानीय पुलिस थाने और दूसरा नगर परिषद कार्यालय में स्थापित होगा. नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही सीसीटीवी कैमरों की मांग अब पूरी होने की दिशा में आगे बढ़ती दिखाई दे रही है.

इनका कहना है कि

शहर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाना आवश्यक है. स्कूल लगने एवं छूटने के समय बालिकाओं की विशेष सुरक्षा हेतु चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे अति आवश्यक है इसके लिए विधायक विजयपाल सिंह से अनुरोध किया गया था. उनके निर्देश पर नगर परिषद ने उक्त कार्य की तकनीकी स्वीकृति हेतु फाइल आगे बढ़ाई है. यदि स्वीकृति प्राप्त होती है तो शीघ्र ही पूरा शहर सीसीटीवी कैमरो से लैस होगा.

लता यशवंत पटेल
अध्यक्ष,नगर परिषद सोहागपुर

त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

नर्मदापुरम, 30 जुलाई . अगस्त माह में होने वाले प्रमुख त्योहारों एवं स्नान पर्वों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला ने कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की है. 9 अगस्त (विश्व आदिवासी दिवस), 12 अगस्त (हरियाली अमावस्या), 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस), 26 अगस्त (ईद-मिलाद-उन-नबी), 27 अगस्त (स्नानदान पूर्णिमा), 28 अगस्त (रक्षाबंधन) और 29 अगस्त (कजलियां) को प्रभावी रहेगी. जारी आदेश के अनुसार पिपरिया में एसडीएम आकिप खान, इटारसी में नीलेश शर्मा, सिवनी मालवा में विजय राय, नर्मदापुरम में सिटी मजिस्ट्रेट नितिन कुमार टाले, सोहागपुर में डॉ. बबीता राठौर तथा संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के घाटों एवं प्रमुख स्थलों पर अधिकारियों की तैनाती कर कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

मेधावी विद्यार्थियों व शिक्षकों का सम्मान

▶ गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का हुआ समापन

▶ अनुशासन बनाए रखने और लक्ष्य के प्रति

नवभारत न्यूज़

पचमढ़ी, 30 जुलाई . शासकीय सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी में आयोजित गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का गुरुवार को गरिमामय समापन हुआ. मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस पखवाड़े में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और गुरु-शिष्य परंपरा से जोड़ने के उद्देश्य से योग, ध्यान, चित्रकला, श्लोक वाचन, भाषण एवं निबंध लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं.

समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि पीटीएस की इंस्पेक्टर मीतू पाल एवं हीना खरे ने विद्यार्थियों को गुरुजनों का सम्मान करने, अनुशासन बनाए रखने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी.

अतिथियों ने विद्यालय की खेल प्रतिभाओं को निखारने में खेल शिक्षक संतोष यादव के प्रयासों की सराहना की. साथ ही उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण के लिए प्राचार्य मनीष गुप्ता एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी.

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अर्चना मेहरा एवं पल्लवी साहू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने किया. छात्रा अंशिका ने आभार व्यक्त किया. गुरुजनों के सम्मान और विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ.

एक नजर में

स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया ग्रीन डे

ईटारसी, 30 जुलाई . पंडित रामलाल शर्मा इंग्लिश मीडियम स्कूल में गुरुवार को ग्रीन डे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली के महत्व तथा प्रकृति के प्रति जागरूकता विकसित करना था. कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या निशा चौबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं. उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष और हरियाली मानव जीवन का आधार हैं. प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए, तभी स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण संभव होगा. ग्रीन डे के अवसर पर विद्यार्थियों ने हरे रंग की आकर्षक वेशभूषा धारण कर विद्यालय परिसर को हरियाली की छटा से सराबोर कर दिया. बच्चों ने पौधारोपण, चित्रकला, कविता-पाठ, भाषण एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया. विद्यालय परिसर को भी हरे रंग की आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक मनमोहक बन गया. कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया. ग्रीन डे के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया.

अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

इटारसी. जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए पुरानी इटारसी क्षेत्र से रेत का अवैध परिवहन कर रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की. जब्त वाहन को सुरक्षा की दृष्टि से इटारसी थाने की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है. प्रशासन ने कहा है कि अवैध खनन और परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी. यह कार्रवाई एसडीएम नीलेश शर्मा के नेतृत्व में की गई. मौके पर तहसीलदार सुनीता साहनी, नायब तहसीलदार कृष्णकांत उइके, नायब तहसीलदार दिलीप परते, आरआई बारस्कर और पटवारी मौजूद रहे. अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए नियमित अभियान चलाया जा रहा है. हालांकि इस कार्रवाई के बाद स्थानीय स्तर पर कई सवाल भी उठ रहे हैं.

गुरुपूर्णिमा पर गुरुओं का किया सम्मान

बनखेड़ी, 30 जुलाई . संस्थान लाल बहादुर शास्त्री इंग्लिश मीडियम स्कूल मे प्रति वर्षानुसार गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया.. जिसमे संस्था के समस्त विधार्थियो ने एवं समिति सदस्यो ने. संस्था से समस्त गुरुजनो का सम्मान किया, विधार्थियो के मार्गदर्शन हेतु संस्था परिवार के पूर्व शिक्षक एवं कथा वाचक पंडित श्री किशोर चतुर्वेदी जी ने गुरु और शिष्य की महिमा पर अपना मार्गदर्शन किया एवं हमारे जीवन मे प्रथम गुरु माँ का हमारे जीवन मे कितना अहम् किरदार है कितनी महत्वता है,इस विषय को सभी को बताया. संस्था संचालक हिमांशु श्रीवास्तव ने पंडित चतुर्वेदी जी का शाल श्री फल से सम्मान किया एवं सभी का आभार व्यक्त किया, इस दौरान संस्था शिक्षक पदम पटेल, पंकज गढ़वाल भारती व्यास, श्रुति मिश्रा रेखा श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहें.

अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

▶ पीएम आवास की लिस्ट में नाम जोड़ने

▶ समग्र आईडी में नाम सही कराने आए आवेदन

नवभारत

नर्मदापुरम. गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है. गुरूवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा जनसुनवाई की गई.

जनसुनवाई में पीएम आवास की लिस्ट में नाम जोड़ने, समग्र आईडी में नाम सही कराने, जल निकासी, पेयजल संबंधि, पेंशन चालू कराने, राशन कार्ड समर्पण करने आदि आवेदनों का तत्काल निराकरण कराया गया. आवदेकों की ऑन दा स्पाट समस्या का समाधान हो जाने पर वे खुशी खुशी लौटे. कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए. नपाध्यक्ष ने सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों का संतुष्टिपूर्ण समाधान होना चाहिए.

जनसुनवाई में उपयंत्री दीक्षा तिवारी, मुकेश जैन, आयुषी रिछारिया, स्वच्छ भारत अभियान के नोडल अधिकारी अनुराग तिवारी, पार्षदगण दुर्गेश चौधरी, नरेंद्र पटेल, बिंदिया मांझी, दीपिका कुलदीप राठौर, कंचन सेट्टी चौकसे आदि उपस्थित थे.

पुरानी इटारसी सिलेंडर ब्लास्ट : अंडा दुकान संचालक पर केस दर्ज

इटारसी. पुरानी इटारसी में श्रीराम मेडिकल के सामने सड़क किनारे घरेलू गैस सिलेंडर का लापरवाहीपूर्वक उपयोग करने से हुए विस्फोट के मामले में पुलिस ने अंडा दुकान संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. हादसे में एक पुलिसकर्मी सहित पांच लोग घायल हुए थे, जिनका सिविल अस्पताल में उपचार कराया गया. पुलिस के अनुसार 26 जुलाई की रात करीब 8:30 बजे हुए सिलेंडर ब्लास्ट के बाद थाना इटारसी के सहायक उपनिरीक्षक इश्त्याक अली की शिकायत पर आरोपी दुकान संचालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया. प्रारंभिक जांच में खुले में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग हादसे का कारण माना गया है.

विश्व बाघ दिवस पर एसटीआर के वनपाल राकेश सोनी सम्मानित

नवभारत न्यूज

इटारसी. 30 जुलाई. विश्व बाघ दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) शुभरंजन सेन की उपस्थिति में वन एवं वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया.

इस अवसर पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर), नर्मदापुरम के चुरना वन परिक्षेत्र में पदस्थ वनपाल राकेश सोनी को वन एवं वन्यजीव संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. उनकी इस उपलब्धि पर एसटीआर की क्षेत्र संचालक राखी नंदा, उपसंचालक ऋषिभा नेताम सहित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन राजनीतिक दलों को सौंपी प्रतियां

नवभारत न्यूज

इटारसी. नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की तैयारियों के तहत गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में उपखंड अधिकारी (एसडीएम) नीलेश शर्मा की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई. बैठक में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया पूरी करते हुए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची की प्रतियां उपलब्ध कराई गईं.

इस दौरान एसडीएम नीलेश शर्मा, मुख्य नगरपालिका

अधिकारी (सीएमओ) सुरेखा जाटव तथा नायब तहसीलदार कृष्णकांत ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची का एक-एक सेट सौंपा. बैठक में मतदाता सूची से संबंधित आवश्यक जानकारी भी साझा की गई.

नालों की सफाई में लापरवाही पर कांग्रेस का हल्ला बोल

▶ नगर पालिका में धरना देकर जांच की मांग

इटारसी. शहर में मानसून के दौरान जलभराव और नालों की सफाई में कथित लापरवाही के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस सेवादल ने नगर पालिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया.

कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध रैली निकालकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर धरना दिया और मुख्य नगर पालिका

अधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में प्री-मानसून नालों की सफाई के लिए स्वीकृत 20 लाख रुपये से कराए गए कार्यों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई. रैली में गांधी टोपी पहने कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार और जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग उठाई. ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नालों की सफाई और रखरखाव के लिए स्वीकृत राशि खर्च होने के बावजूद पहली ही बारिश में शहर के कई हिस्सों में जलभराव हो गया, जिससे कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होते हैं.

मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

सोहागपुर. संस्कार गार्डन में प्रजापति समाज द्वारा भगवान दक्ष महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया. समाजजनों ने भगवान दक्ष महाराज का पूजन-अर्चन कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा समाज की सुख-समृद्धि की कामना की. कार्यक्रम का संचालन कमलेश प्रजापति ने किया.कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. शासकीय सेवा में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त समाजजनों तथा मूर्तिकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली सदस्यों का भी सम्मान किया गया.

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

इटारसी. जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने गुरुवार को दिल्ली पहुंचकर राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा के दिल्ली स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की. मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच समसामयिक राजनीतिक मुद्दों सहित नर्मदापुरम जिले की राजनीतिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई.

बैठक में सोनम वांगचुक से जुड़े विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया. इस दौरान शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने विवेक तन्खा को नर्मदापुरम जिले के दौरे का आमंत्रण दिया. विवेक तन्खा ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए निकट भविष्य में नर्मदापुरम आने का आश्वासन दिया. जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई.

3 से निकलेगी श्री जटाशंकर कावड़ यात्रा

सोहागपुर. श्री जटाशंकर कावड़ यात्रा समिति द्वारा परंपरा अनुसार इस वर्ष भी कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा. समिति अध्यक्ष राजो मालवीय ने बताया कि 3 अगस्त को सुबह 9 बजे नर्मदापुरम के सेठानी घाट से कावड़ यात्रा का शुभारंभ होगा, जो विभिन्न पड़ावों से होते हुए 10 अगस्त को पचमढ़ी स्थित श्री जटाशंकर महादेव मंदिर पहुंचेगी. यहां श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे. यात्रा से पूर्व 2 अगस्त को शाम 4 बजे से सेठानी घाट पर चुनरी महोत्सव एवं दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.

विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का समापन समारोह सम्पन्न

बनखेड़ी, 30 जुलाई . सांदीपनि विद्यालय बनखेड़ी में विगत 15 दिनों से शासन के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा था, जिसका आज विधिवत समापन समारोह आयोजित किया गया.

समापन कार्यक्रम में प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया. इस अवसर पर पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान संस्था में कार्यरत सभी शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर संस्था प्राचार्य एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया.

सावन का आगमन ▶ जेठ और आषाढ़ की तपन के बाद जब वर्षा की फुहारें धरती को भिगोती हैं

शिव भक्ति, हरियाली और आध्यात्मिक चेतना का महापर्व

नवभारत न्यूज

इटारसी. हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण (सावन) मास का आगमन केवल ऋतु परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रकृति, आस्था और आत्मिक चेतना के नवजागरण का प्रतीक माना जाता है. जेठ और आषाढ़ की तपन के बाद जब वर्षा की फुहारें धरती को भिगोती हैं, तो वातावरण हरियाली, उल्लास और शिव भक्ति से सराबोर हो उठता है. यही कारण है कि सावन को भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र और पुण्यदायी महीना माना गया है.

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान निकले हलाहल विष का पान भगवान शिव ने इसी माह में किया था. विष की ज्वाला शांत करने के लिए देवताओं ने शिव का जलाभिषेक किया, तभी से सावन में शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित करने की परंपरा चली आ रही है. श्रद्धालु सोमवार का व्रत रखकर जलाभिषेक करते हैं, जबकि कांवड़िए पवित्र नदियों से जल लाकर शिवालयों में अर्पित करते हैं. सावन प्रकृति के नवसृजन का भी प्रतीक है. वर्षा से धरती हरी-भरी हो जाती है, खेतों में नई फसल की शुरुआत होती है और जलस्रोत पुनर्जीवित हो उठते हैं. यह मौसम केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि साहित्य, संगीत और लोक संस्कृति में भी विशेष स्थान रखता है. सावन पर आधारित लोकगीत, भजन और फिल्मी गीत आज भी लोगों के मन में प्रेम, विरह और आध्यात्मिक भावनाओं को जीवंत कर देते हैं. सांस्कृतिक दृष्टि से हरियाली तीज, नाग पंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व सावन की रौनक बढ़ाते हैं. आयुर्वेद में भी इस ऋतु में सात्विक भोजन, संयम और व्रत को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया गया है. सावन का संदेश केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति संरक्षण, आत्मसंयम, सकारात्मक सोच और मानवता के कल्याण का भी संदेश देता है.

गुरुजनों ने विद्यार्थियों को दिया नशामुक्ति का संदेश

नवभारत न्यूज

इटारसी. भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय, सुखतवा में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ. अतिथियों और शिक्षकों का तिलक एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया.

प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत ने गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर कर जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं. वरिष्ठ नागरिक संघ के डॉ. अनिरुद्ध कुमार शुक्ला, अशोक दुबे, जी.डी. पाटिल एवं थाना केसला से आए आईसीएचएसओ खान ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए समाज को जागरूक बनाने का आह्वान किया. वक्ताओं ने कहा कि नशे के शिकार लोगों को सही मार्गदर्शन और उपचार की आवश्यकता है. कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशा मुक्ति की शपथ ली तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया. इस अवसर पर डॉ. हिमांशु चौरसिया, कामधेनु पटोदिया, जोसलिन कुजूर, डॉ. महेंद्र सिंह चौधरी सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन डॉ. सतीश ठाकरे एवं आभार प्रदर्शन डॉ. प्रवीण कुमार कुशवाहा ने किया.